h) The detailed terms and conditions for the issuance of the equity shares as and when made will be determined by the Board in consultation with the Merchant Bankers, Lead Managers, Advisors and such other authorities as may required to be considered by the Bank considering the prevailing market conditions and other relevant factors. The Resolution seeks to give the Board powers to issue equity shares / securities in one or more tranches at such time or times, at such price or prices, and to such of the Investors as are mentioned therein as the Board in its absolute discretion deems fit.

i) For reasons aforesaid, an enabling resolution is proposed to give adequate flexibility and discretion to the Board to finalise the terms of the issue.

j) The equity shares issued, shall rank pari passu in all respects with the existing equity shares of the Bank including dividend.

k) For this purpose the Bank is required to obtain the consent of the shareholders by means of a special resolution. Hence your consent is requested for the above proposal.

Your Directors recommend the resolutions as set out in the Notice.

ANDHRA BANK M.B. Division H.O. Hyd.

None of the Directors of the Bank is interested or concerned in the aforementioned Resolution(s), except to the extent of their shareholding in the Bank and their participation in raising of capital, if any.

Place: Hyderabad
Date: 07/05/2016

Y. Amarnath
Company Secretary

M.B. Division

आन्ध्रा बैंक

प्रधान कार्यालय, 5-9-11, डॉ पट्टाभि भवन,

सैफाबाद, हैदराबाद-500004

सूचना

एतदद्वारा यह सूचना दी जाती है कि आन्ध्रा बैंक के शेयरधारकों की 16वीं वार्षिक साधारण बैठक बुधवार 20 जुलाई को प्रातः11.00 बजे 'पट्टाभि भवनालय', आन्ध्रा बैंक, प्रधान कार्यालय, 5-9-11, डॉ पट्टाभि भवन, सैफाबाद, हैदराबाद-500004 में निम्न उद्देश्य हेतु आयोजित की जाएगी ।

- 31 मार्च 2016 तक लेखा परीक्षित तुलन पत्र तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष हेतु लाभ एवं हानि खाता, लेखा-अवधि के दौरान बैंक के कार्य तथा गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलन पत्र तथा खातों पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्राप्त करने, उस पर विचार करने तथा उसे अपनाने हेतु ।
- वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु ईक्विटी शेयरों पर लाभांश की घोषणा करना ।
- निम्नलिखित विशेष संकल्प पर विचार करना और यदि उचित समझा जाए तो इसे आशोधन के साथ या बिना आशोधन पारित करना ।

"संकल्प किया जाता है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (अधिनियम), राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधानों) योजना, 1980(योजना) तथा आन्ध्रा बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 2003 के और समय-समय पर यथा संशोधित प्रावधानों और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक ("आर बी आई"), भारत सरकार ("जी ओ आई"), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी"), और/या किसी अन्य प्राधिकारी से यथापेक्षित अनुमोदन, सहमति, मंजूरी, यदि कोई हो, और ऐसे अनुमोदन प्रदान करने हेतु उनके द्वारा यथा निर्धारित ऐसे निबंधन, शर्त और आशोधन, जिससे बैंक के निदेशक मंडल सहमत हों, की शर्त पर, और अद्यतन संशोधन सहित सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटन अपेक्षा) विनियमन 2009 (आईसीडीआर विनियमन,2009) और भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992 के अंतर्गत स्पष्टीकरण सभी अन्य संबंधित प्रधिकारियों द्वारा समय-समय पर निर्धारित विनियम की शर्त पर और शेयर बाजारों में, जिनमें बैंक के ईक्विटी शेयर सूचीबद्ध हों, के साथ किए गए सूचीकरण करार की शर्त पर, बैंक के निदेशक मंडल (इसके बाद 'बोर्ड' कहा गया है, जिससे यह माना गया कि इस संकल्प द्वारा प्रदत्त शक्तियों सहित अपनी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड द्वारा गठित या इसके बाद गठन की जानेवाली पूंजी निर्गम समिति शामिल है) को एक या अधिक भागों में, एक या अधिक सदस्यों सहित, बैंक के कर्मचारी, भारतीय राष्ट्रिक, अनिवासी भारतीय (एनआरआई), कंपनी, निजी या सार्वजनिक, निवेश संस्थाएं, सोसाईटी, न्यास, अनुसंधान संगठन, अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेता ("क्यूआईबी"), यथा विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय म्यूचुअल फंड, उद्यम पूंजी निधि, विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक, राज्य औद्योगिक विकास निगम, बीमा कंपनी, भविष्य निधि, पेंशन फंड, विकास वित्तीय संस्थाएं या अन्य संस्थाएं, प्राधिकारी या निवेशकों की कोई अन्य श्रेणी, जो ईक्विटी/अधिमानी शेयर/बैंक की प्रतिभूतियों में उचित माने गए अनुसार उपर्युक्त में से किसी भी कॉम्बिनेशन में, निवेश करने हेतु प्राधिकृत हैं, को रु.681.16 करोड़ के वर्तमान प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी के साथ-साथ ऐसी राशि (बैंक के बोर्ड या बोर्ड की समिति द्वारा लिए जानेवाले निर्णय के अनुसार) रु.3000 करोड के भीतर, जो बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतर) अधिनियम 1980 की धारा 3(2ए) के अनुसार बैंक की प्राधिकृत पूंजी है या भविष्य में अधिनियम में किए जाने वाले आशोधन (यदि कोई) के अनुसार संवर्धित प्राधिकृत पूंजी की सीमा तक, भारत या विदेश में, ईक्विटी शेयर और/या अधिमानी शेयर (संचयी या नहीं, ईक्विटी में परिवर्तनीय या नहीं) की ऐसी संख्या, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर बनाए जाने वाले दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों, अधिमानी शेयरों की श्रेणी विनिर्दिष्ट करते हुए, ऐसे अधिमानी शेयरों की प्रत्येक श्रेणी के निर्गम की सीमा, चाहे बेमीयादी हो या मोचनीय, अधिमानी शेयरों की प्रत्येक श्रेणी हेतु लागू नियम और शर्तों पर, और/या अन्य अनुमत प्रतिभूति, जिन्हें ईक्विटी में परिवर्तन हेतु अनुमति हो या न हो, हेतु प्रस्ताव प्रलेख/प्रास्पेक्टस या ऐसे किसी अन्य प्रलेख के माध्यम से बैंक द्वारा सृजन, ऑफर, निर्गम और आबंटन करने हेतु

आन्ध्रा बैंक/ANDHRA BANK
M.B. Division
प्र.का.हैद./H.O., Hyd.

(इसमें फर्म आबंटन पर आरक्षण और/या निर्गम के ऐसे अंश के प्रतिस्पर्धात्मक आधार शामिल है और तत्समय लागू विधि द्वारा अनुमत व्यक्तियों की ऐसी श्रेणियों के लिए) बैंक के शेयरधारकों की सहमति एतदद्वारा प्रदान की जाती है" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि ऐसा निर्गम, ऑफर या आबंटन सार्वजनिक निर्गम, अधिकार निर्गम, निजी प्लेसमेंट, अर्हता प्राप्त संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) अथवा जीओआई/भारिबैं द्वारा अन्य किसी पद्धति द्वारा किया जाएगा, जिसमें अति आबंटन विकल्प हो या न हो और ऐसा ऑफर, निर्गम, प्लेसमेंट और आबंटन, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों की अधिप्राप्ति और अंतरण) अधिनियम 1980, सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम 2009 ("आईसीडीआर विनियम") और भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी और यथा लागू काई अन्य प्राधिकार, द्वारा जारी सभी अन्य दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा और ऐसे समय और पद्धति और बोर्ड द्वारा अपने पूर्ण विवेकानुसार उचित माने गए ऐसे नियम और शर्तों पर किया जाएगा" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि बोर्ड को ऐसी कीमत या कीमतों पर और ऐसी पद्धति में जहां कहीं आवश्यक हो, अग्रणी प्रबंधकों और/या निम्नांकक और/या अन्य सलाहकार के परामर्श से या अन्यथा बोर्ड द्वारा, अपने पूर्ण विवेकानुसार, ऐसे मूल्य पर जो आईसीडीआर विनियमों के संबंधित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित मूल्य से कम मूल्य न हो, आईसीडीआर विनियमों, अन्य विनियमों और कोई या सभी अन्य लागू विधि, नियम, विनियम और दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसी प्रतिभूतियां निवेशकों को जारी करने का निर्णय ले सकता है चाहे ऐसे निवेशक बैंक के सदस्य हों या न हों" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि सैबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों के अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1980 के प्रावधान, आन्ध्रा बैंक (शेयर और बैठक) विनियम 2003 के प्रावधान, सेबी आईसीडीआर विनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के प्रावधान और विदेशी मुद्रा प्रबंधन (विदेश में रह रहे व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का अंतरण या निर्गम) विनियम 2000 के प्रावधान और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं), विदेशी निवेश प्रवर्तन बोर्ड (एफआईपीबी), औद्योगिक नीति और प्रवर्तन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी) और यथापेक्षित सभी अन्य प्राधिकारी (अब से सामूहिक रूप से 'उचित प्राधिकारी' कहा जाएगा) से अपेक्षित अनुमोदन, सहमति, अनुमति और/या मंजूरी की शर्त पर और इनमें से किसी के द्वारा ऐसे अनुमोदन, सहमति, अनुमति और/या मंजूरी (अब से 'आवश्यक अनुमोदन' कहा जाएगा) प्रदान करते समय यथा निर्धारित शर्तों पर, बोर्ड, अपने पूर्ण विवेकानुसार, समय-समय पर, क्यूआईबी (आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII में परिभाषा के अनुसार) को आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार अर्हता प्राप्त संस्थागत प्लेसमेंट के अनुपालन में, प्लेसमेंट प्रलेख और/या ऐसे अन्य प्रलेख/लिखित/परिपत्र/ज्ञापन के माध्यम से और ऐसी पद्धति और ऐसे मूल्य, नियम और शर्तों पर, जिनके संबंध में बोर्ड द्वारा आईसीडीआर विनियम और तत्समय लागू विधि के अन्य प्रावधान के अनुसार एक या अधिक भागों में, ईक्विटी शेयर या वारंट के अतिरिक्ति कोई अन्य प्रतिभूति, जो बाद की तारीख में ईक्विटी शेयर के रूप में परिवर्तनीय या के साथ विनिमय योग्य हैं, इस प्रकार से निर्गम, आफर और आबंटित कर सकता है, ताकि बैंक में केंद्र सरकार का अंश भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित प्रतिशत से कम न हो; बशर्ते कि इस प्रकार निर्गमित ईक्विटी शेयरों का प्रीमियम सहित मूल्य आईसीडीआर विनियमों के संबंधित प्रावधानों के अनुसार आकलित मूल्य से कम न हो" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII के अनुसार अर्हता प्राप्त संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के मामले में:

क) प्रतिभूतियों का आबंटन केवल आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII के अंतर्गत क्यूआईबी को ही किया जाएगा, ऐसी प्रतिभूतियां पूर्णत: प्रदत्त होंगी और ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन इस संकल्प की तारीख से 12 माह के अंदर किया जाएगा।

ख) बैंक आईसीडीआर विनियमों के विनियम 85(1) के प्रावधान के अधीन क्यूआईपी के लिए इस प्रकार आकलित मूल्य के पांच प्रतिशत से अनधिक बट्टे पर शेयर ऑफर करने हेतु प्राधिकृत है ।

ग) प्रतिभूतियों का आधार मूल्य निर्धारित करने हेतु संबंधित तिथि आईसीडीआर विनियम के अनुसार होगी ।

ANDHRA BANK M.B. Division H.O.

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि बोर्ड को भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक/सेबी/ स्टॉक एक्सचेंज, जहाँ बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या ऐसे अन्य उचित प्राधिकारियों द्वारा निर्गम, आबंटन और इनके सूचीकरण हेतु अपने अनुमोदन, अनुमति और मंज़ूरी प्रदान करते समय अपेक्षित या अधिरोपित अनुसार और बोर्ड द्वारा सहमति दिए अनुसार प्रस्ताव में आशोधित स्वीकार करने का प्राधिकार होगा" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि एनआरआई, एफआईआई और/या अन्य पात्र विदेशी निवेशकों को नए ईक्विटी शेयर/अधिमानी शेयर/प्रतिभूति, यदि हो का निर्गम और आबंटन, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अंतर्गत यथा लागू भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन की शर्त पर परंतु अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समग्र सीमा के अधीन है" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि जारी किए जाने वाले उक्त नए ईक्विटी शेयर, संशोधित अनुसार आन्ध्रा बैंक (शेयर एवं बैठक) अधिनियम, 2003 की शर्त पर ऐसी घोषणा के समय यथा लागू सांविधिक दिशा-निर्देशों के अनुसरण में सभी प्रकार से बैंक के वर्तमान ईक्विटी शेयर, लाभांश सहित, यदि हो, की सममात्रा होंगे" ।

'आगे यह संकल्प किया जाता है कि ईक्विटी शेयरों/अधिमानी शेयरों/प्रतिभूतियों के किसी निर्गम या आबंटन को प्रभावी बनाने के प्रयोजन हेतु सार्वजनिक ऑफर के नियमों को निर्धारित करने हेतु बोर्ड को एतदद्वारा प्राधिकृत किया जाता है, इसमें प्रतिभूति आबंटित करने हेतु निवेशकों की श्रेणी, प्रत्येक भाग में आबंटित किए जाने वाले शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य, बोर्ड द्वारा अपने पूर्ण विवेकानुसार उचित माने गए अनुसार निर्गम पर प्रीमियम राशि तथा ऐसे सभी कृत्य, कार्य करने, मामलों और विषय के संबंध में निर्णय लेने, ऐसे विलेख, प्रलेख और करार, जिन्हें वे अपने पूर्ण विवेकानुसार आवश्यक, उचित या वांछनीय मानते हो, निष्पादित करने और किसी प्रश्न, समस्या और शंका, जो सार्वजनिक ऑफर, निर्गम, आबंटन और निर्गम आगम के उपयोग के संबंध में उत्पन्न हो सकते हैं के निपटान हेतु अनुदेश या निदेश देने और अपने पूर्ण विवेकानुसार बैंक के हित में उचित और सही माने जाने के अनुसार नियम और शर्तों के संबंध में ऐसे आशोधन, परिवर्तन, विचलन, बदलाव, विलोपन और संवर्धन करना शामिल है, और इसके लिए सदस्यों से आगे अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी और बैंक को तथा बोर्ड को इस संकल्प के माध्यम से प्रदत्त सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग बोर्ड द्वारा किया जा सकता है" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि बोर्ड एतद्द्वारा किसी भी बुक रन्नर, लीड मैनेजर/रों, बैंकर/रों, निम्नांकक/कों, डिपोजिटरी/यों, रजिष्ट्रार, लेखापरीक्षक और ऐसी सभी एजेंसी, जो ईक्विटी/अधिमानी शेयर/प्रतिभूतियों की ऐसी ऑफरिंग में शामिल या संबद्ध है, के साथ ऐसी व्यवस्था के निष्पादन के लिए प्राधिकृत है और ऐसी सभी संस्थाओं और एजेंसियों को कमीशन, ब्रोकरेज, शुल्क आदि पारिश्रमिक देगा और ऐसी सभी व्यवस्था, करार, ज्ञापन, प्रलेख आदि का निष्पादन ऐसी ऐजेंसियों के साथ करेगा" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि उपर्युक्त प्रयोजन हेतु बोर्ड लीड मैनेजरों, निम्नांककों, सलाहकारों तथा/अथवा बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों को एतदद्वारा निर्गम के प्रारूप और शर्तों के निर्धारण के लिए प्राधिकृत किया जाता है, जिसमें शेयरों/प्रतिभूतियों के आबंटन हेतु निवेशकों की श्रेणी, प्रत्येक ट्रेंच में आबंटित की जाने वाली शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, इश्यू मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि हो) अंकित मूल्य, प्रतिभूतियों के वारंट/शोधन के प्रतिभूति/निष्पादन के निर्गम/संपरिवर्तन पर प्रीमियम राशि, ब्याज-दर, शोधन अवधि, ईक्विटी शेयर/अधिमानी शेयर की संख्या, अथवा संपरिवर्तन पर अन्य प्रतिभूतियां अथवा शोधन अथवा प्रतिभूतियों, मूल्य, प्रीमियम का निरसन अथवा प्रतिभूतियों का निर्गम/संपरिवर्तन पर बट्टे, ब्याज-दर, संपरिवर्तन की अवधि, रिकार्ड तारीख या बुक क्लोजर का निर्धारण तथा संबद्ध अथवा प्रासंगिक मामले, भारत में और/या विदेश में एक या अधिक स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग भी शामिल है, जिसे बोर्ड अपने विवेकानुसार उपयुक्त समझता है" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि इन शेयरों/प्रतिभूतियों के जो भाग सब्सक्राइब नहीं है, बोर्ड उसे अपने विवेकानुसार डिस्पोज-ऑफ कर सकता है, जैसाकि बोर्ड उचित समझता है और कानून द्वारा अनुमेय है" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि इस संकल्प को प्रभावी बनाने के प्रयोजन हेतु, बोर्ड को ऐसे कार्य, कृत्य, मामले और विषय, करने का प्राधिकार दिया जाए और एतदद्वारा प्रदान किया जाए, जो अपने पूर्ण विवेक के आधार पर आवश्यक, उचित और वांछनीय प्रतीत हो और ईक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम के संबंध में उठने वाले किसी प्रश्न, समस्या या शंका को निपटाने और आगे ऐसे कार्य, कृत्य, मामले और विषयों को अंतिम रूप देने और ऐसे सभी

ANDHRA BANK M.B. Division H.O. Hyd.

आवश्यक, उचित और समीचीन प्रलेख और लेखनी निष्पादित करने, जिन्हें अपने पूर्ण विवेक के आधार पर उपयुक्त, उचित या वांछनीय माने जिसके आशय और उद्देश्य के लिए शेयरधारकों से और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता न हो और यह माना जाएगा कि शेयरधारकों ने इस संकल्प के प्राधिकार से इस प्रयोजन के लिए स्पष्ट अनुमोदन प्रदान किया है" ।

"आगे यह संकल्प किया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प प्रभावी बनाने हेतु बोर्ड को इससे प्रदत्त सभी या कोई अधिकार प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी को तथा/अथवा प्रबंध निदेशक एंव मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक/कों को अथवा कार्यपालक निदेशक तथा महा प्रबंधक (व्यापार बैंकिंग खंड)/कंपनी सचिव वाली समिति को प्रत्यायोजित करने हेतु प्राधिकार एतदद्वारा प्रदान किया जाता है"।

निदेशक मंडल हेतु और की ओर से

31/2/2016

(वाई अमरनाथ)
कंपनी सचिव

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 07/05/2016

टिप्पणियां:

प्रदत्त पूंजी जुटाने के संबंध में नोटिस की मद संख्या 3 के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य दर्शाने वाली वर्णनात्मक विवरणी संलग्न है।

1. मतदान अधिकार
   बैंककारी कंपनी (उपक्रमों की अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उप धारा (2ई) के प्रावधानों के अनुसार नए प्रतिनिधि बैंक का कोई भी शेयरधारक, केंद्र सरकार के अतिरिक्त, अपने द्वारा धारित शेयरों के संबंध में बैंक के कुल शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के दस प्रतिशत के अतिरिक्त मतदान अधिकारों का प्रयोग करने हेतु पात्र नहीं होंगे।
2. उपर्युक्त की शर्त पर, आन्ध्रा बैंक (शेयर और बैठक) विनियम 2003 के विनियम 68 के अनुसार, अंतिम (विनिर्दिष्ट) तिथि यानी बुधवार 13.07.2016 तक शेयरधारक के रूप में पंजीकृत प्रत्येक शेयरधारक को रिमोट ई-वोटिंग / चुनाव द्वारा वोटिंग हेतु उनके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर हेतु एक वोट प्राप्त होगा।
3. संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग:
4. उपर्युक्त विनियमों के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो रजिस्टर में पहले दर्ज व्यक्ति को, मतदान हेतु, इसका एकल धारक माना जाएगा। अतः, यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर है, तो प्रथम नामित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने और संकल्पों पर मतदान देने हेतु पात्र हैं।
5. वार्षिक साधारण बैठक की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के प्रयोजन हेतु अंतिम तिथि
6. बैंक ने वार्षिक साधारण बैठक की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के प्रयोजन हेतु शुक्रवार, 17.06.2016 अंतिम तिथि निर्धारित की है।
7. प्रॉक्सी की नियुक्ति
8. शेयरधारक जिसे बैठक में भाग लेकर वोट करने का हकदार है, को अपने स्थान पर साधारण बैठक में भाग लेने और मतदान में भाग लेने हेतु प्रॉक्सी को नियुक्त करने का अधिकार है और ऐसा प्रॉक्सी बैंक का शेयरधारक होने की आवश्यकता नहीं है।
9. प्रभावी होने हेतु, प्रॉक्सी फार्म बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पहले याने कि शुक्रवार, 15 जुलाई 2016 को सायं 5.00 बजे तक या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा कर दिया जाना चाहिए। बैंक के किसी भी कर्मचारी को विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि या प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

आन्ध्रा बैंक/ANDHRA BANK ★ M.B. Division ★ प्र.का.हैद./H.O.: Hyd.

10. **<u>प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति</u>:**

बैठक में भाग लेने अथवा वोट देने हेतु कंपनी के विधिवत् अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति पात्र नहीं होगा जब तक कि बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्यप्रति, विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति वाले संकल्प की एक प्रति, बैठक की तिथि से न्यूनतम 4 दिन पूर्व याने कि शुक्रवार, 15 जुलाई 2016 को सायं 5.00 बजे तक या उससे पहले हैदराबाद में बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा करा दी जाए।

11. **<u>उपस्थिति सह प्रवेश हेतु पास:</u>**

सदस्यों की सुविधा हेतु, उपस्थितिपर्ची- इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे फार्म भरकर दिए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करके उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पास हेतु बैठक के स्थान के गेट पर दें । शेयरधारक के प्रॉक्सी/ प्रतिनिधि को प्रॉक्सी अथवा प्रतिनिधि के रूप में, जैसा भी मामला हो, उपस्थिति पर्ची पर दर्शाना चाहिए।

12. **<u>बही संवरण</u>** :

वार्षिक आम बैठक और बैंक द्वारा घोषित लाभांश प्राप्त करने के लिए हकदार शेयरधारकों का निर्णय करने के प्रयोजनार्थ शेयरधारक रजिस्टर और शेयर अंतरण बही **शुक्रवार, 15 जुलाई 2016 से बुधवार 20 जुलाई 2016 *(दोनों दिन शामिल)*** तक बंद रहेंगी।

13. **<u>रिकार्ड-तिथि तथा लाभांश</u>:**

निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु प्रति ईक्विटी शेयर रु.0.50 (5%) लाभांश हेतु सिफारिश की है । लाभांश, यदि वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित हो, का भुगतान गुरूवार 14 जुलाई 2016 (रिकार्ड-तिथि) के अंत तक भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और जिनके नाम शेयरधारकों/ हिताधिकारी स्वामी के रजिस्टर में उपलब्ध हैं और निक्षेपागार द्वारा उपलब्ध कराए गए हिताधिकारी स्थिति विवरण के अनुसार इलेक्ट्रानिक रूप से शेयर रखने वाले शेयर धारकों को किया जाएगा। लाभांश भुगतान तिथि मंगलवार, 26 जुलाई 2016 है।

14. **<u>राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा के माध्यम से लाभांश भुगतान (एनईसीएस)</u>** :

प्रणाली का उद्देश्य लाभांश भुगतान का केंद्रीकृत संसाधन करना है। एनईसीएस (क्रेडिट) से निर्गमकर्ता को हिताधिकारी के खाते, जो कोर बैंकिंग सोल्यूशन से जुड़े हैं, को बहुविध जमा देने की सुविधा प्रदान करती है। इस प्रयोजन के लिए शेयरधारकों को अमूर्त धारिता के मामले में अपने संबंधित निक्षेपागार प्रतिभागियों को और भौतिक धारिता के मामले में रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट को अपना सीबीएस खाता नंबर, एमआईसीआर नंबर आदि देतेहुए बैंक खाता विवरण अद्यतन करना होगा। एनईसीएस शेयरधारक को अपने खाते में, लाभांश भुगतान तिथि को ही लाभांश प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।

9. **<u>शेयर धारकों का पता, बैंक विवरण आदि में परिवर्तन अद्यतन करना</u>**

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि बैंक या अपने रजिस्ट्रार को अपने पते, बैंक खाता विवरण में परिवर्तन, यदि हो, की सूचना दें ताकि तुरंत पत्राचार में सुविधा हो सके। इलेक्ट्रानिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने निक्षेपागार प्रतिभागियों के पास अपने पते, बैंक खाता विवरण में परिवर्तन, यदि हो, अद्यतन करवाएं।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि शेयरधारक विवरण अद्यतन करने हेतु बैंक या अपनेरजिस्ट्रार को पैन विवरण, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर आदि सूचित करें।

आंध्रा बैंक/ANDHRA BANK M.B. Division प्र.का.हैद./H.O. Hyd.

इलेक्ट्रानिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपने निक्षेपागार प्रतिभागी के पास उक्त विवरण अद्यतन करें।

10. **फोलियो का समेकन**:

जिन शेयरधारकों के शेयर, एक से अधिक खाते में मिलतेजुलते- नामों के क्रम में हैं, उनसे अनुरोध है कि वे ऐसे खातों के लेजरफोलियो- की सूचना रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट को दें तथा शेयर प्रमाणपत्र- भिजवाएं ताकि बैंक सभी शेयरों का एक खाते में समेकन कर सके। आवश्यक पृष्ठांकन करने के पश्चात् शेयर प्रमाणपत्र- सदस्यों को लौटा दिए जाएंगे।

11. **अंतरण हेतु प्रस्तुतीकरण**:

विधिवत् भरे हुए अंतरणविलेख- सहित शेयर प्रमाणपत्र- निम्न पते पर बैंक के रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट को प्रेषित किए जाने चाहिए-:

मैसर्ज़ एमसीएस शेयर अंतरण एजेंट लिमिटेड (यूनिटः आन्ध्रा बैंक)
002, भूतल-, कांशीराम जमनादास बिल्डिंग
5, पीडिमेलो. रोड, मस्जिद पूर्व
मुम्बई- 400 009

12. **शेयरधारकों से अनुरोध**:

क. कृपया नोट करें कि किफायती उपायों के कारण वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां वार्षिक साधारण बैठक में नहीं बाँटी जाएंगी। अतः, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वार्षिक रिपोर्ट की अपनी प्रति बैठक के स्थान पर साथ लाएं।

ख. शेयरधारक कृपया नोट करें कि बैठक के स्थान पर कोई तोहफे / कूपन वितरित नहीं किए जाएंगे।

ग. शेयरधारकों से अनुरोध है कि थैली/ब्रीफकेस/ टेप रिकार्डर/ कैमेरा आदि लाने से बचें चूंकि इन सभी मदों की सुरक्षा जाँच की जा सकती है और बैठक स्थान में इन्हें लाए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13. **हरित पहल**:

हरित पहल के समर्थन में, बैंक शेयरधारकों को, जिन्होंने अपने निक्षेपागार सहभागी/ बैंक रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट के पास अपना ईमेल- आईडी पंजीकृत किया है, ईमेल- द्वारा वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट प्रति भेजी है । बैंक ने निर्णय लिया है कि जिन शेयरधारकों ने अपना ईमेल- पते पंजीकृत नहीं किया है, उन्हें यथा निर्धारित सभी प्रलेखों की मुख्य बातें युक्त संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड प्रति परिचालित की जाएगी ।

वार्षिक रिपोर्ट का पूर्ण पाठ बैंक की वैबसाईट www.andhrabank.in में उपलब्ध होगा। यदि शेयरधारक मुद्रित प्रति प्राप्त करना चाहते हैं तो वे कृपया ईमेल- द्वारा mbd@andhrabank.co.in को अनुरोध भेजें, जिसके प्राप्त होने पर शेयरधारक को पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड प्रति भेजी जाएगी।

14. **इलेक्ट्रानिक माध्यम से वोटिंग**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 और उसमें किए गए संशोधनों के अनुपालन में तथा सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन अपेक्षाएं) के विनियम 2015 के विनियम 44(1) के अनुसार सभी शेयरधारकों को भौतिक बैलट के अलावा रिमोट ई-वोटिंग का विकल्प देते हुए बैंक को अत्यंत प्रसन्नता है, ताकि वे संकल्प पारित करने हेतु अपने वोट इलेक्ट्रानिक रूप से दे सकें।

आन्ध्रा बैंक/ANDHRA BANK M.B. Division प्र.का.है.द./H.O., Hyd.

शेयरधारकों द्वारा साधारण बैठक में प्रस्तावित संकल्पों पर मतदान के अधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रानिक माध्यम से करनेकी सुविधा को कार्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अपनेदिनांक 19.03.2015 की अधिसूचना के अंतर्गत रिमोट ई-वोटिंग का नाम दिया गया है। इन नियमों को कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) आशोधन नियम, 2015 कहा जाता है।

इस प्रयोजन के लिए बैंक ने अपने सदस्यों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग प्लैटफार्म प्रदान करने के लिए मैसर्ज सेंट्रल डिपासिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीएसडीएल) को ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। बैंक ने मैसर्ज एन, व्यावसायिक कंपनी सचिव, हैदराबाद को रिमोट ई-वोटिंग और मतदान प्रक्रिया को उचित और पारदर्शी पद्धति में आयोजित करने हेतु जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।

इलैक्ट्रानिक रूप से मतदान हेतु सदस्यों को अनुदेश निम्नानुसार है :-

(i) रिमोट ई-वोटिंग अवधि रविवार, 17 जुलाई 2016 से प्रारंभ होती है और मंगलवार, 19 जुलाई 2016 को समाप्त होती है। इस अवधि के दौरान, बैंक के शेयरधारक, जो बुधवार, 13 जुलाई 2016 को भौतिक रूप में या अमूर्त रूप में शेयर रखते हैं अपना वोट इलैक्ट्रानिक रूप में डाल सकते हैं। इसके बाद सीएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल डिसेबल किया जाएगा।

(ii) बैठक की तिथि से पूर्व जिन शेयरधारकों ने पहले ही वोट किया हो वे बैठक के स्थान पर वोट करने के हकदार नहीं होंगे ।

(iii) शेयरधारक ई-वोटिंग वैबसाईट www.evotingindia.com पर लॉगइन करें।

(iv) शेयरधारकों पर क्लिक करें।

(v) अब अपने यूज़र आईडी की प्रविष्टि करें।
   क. सीडीएसएल हेतु : 16 अंक हिताधिकारी आईडी
   ख. एनएसडीएल के लिए - 8 अंक डीपी आई डी के बाद 8 अंक ग्राहक आईडी
   ग. भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्य बैंक के पास पंजीकृत फोलियो नंबर की प्रविष्टि करें।

(vi) आगे प्रदर्शित इमेज सत्यापन हेतु प्रविष्ट करें और लॉगइन पर क्लिक करें।

(vii) यदि आप डीमैट रूप में शेयर रखते हैं और www.evotingindia.com में लॉग करके इससे पहले किसी कंपनी के लिए मतदान कर चुके हैं तो अपने वर्तमान पासवर्ड का उपयोग करें ।

(viii) यदि आप पहली बार उपयोग कर रहे हैं तो नीचे दिए अनुदेशों का पालन करें।

अंतिम तिथि (विनिर्दिष्ट तिथि) बुधवार, 13 जुलाई 2016 को डीमैट रूप में और भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए	
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 अंक आल्फा-न्यूमरिक पैन नंबर दर्ज करें। (डीमैट शेयरधारक तथा भौतिक शेयर धारक दोनों के लिए लागू) • जिन सदस्यों ने बैंक/आरटीए/निक्षेपागार प्रतिभागी के पास अपना पैन अद्यतन नहीं करवाया है उनसे अनुरोध है कि अपने नाम के पहले दो अक्षर और क्रम संख्या के 8 अंक पैन फील्ड में दर्ज करें। • यदि क्रम संख्या 8 अंक से कम हो तो नाम के पहले दो अक्षर बडे अक्षरों में दर्ज करने के बाद उचित संख्या में 0 लिखें । उदाहरण के लिए यदि आपका नाम रमेश कुमार है और क्रम संख्या 1 है तो पैन फील्ड में RA00000001 दर्ज करें।

आन्ध्रा बैंक/ANDHRA BANK M.B. Division हैद./H.O.

लाभांश बैंक विवरण या जन्मतिथि (डीओबी)	लॉगइन करने के लिए अपने बैंक रिकार्ड या डीमैट खाते में रिकार्ड किए अनुसार जन्म तिथि (डीडी/एमएम/वाईवाईवाईवाई फार्मेट में) या लाभांश बैंक विवरण दर्ज करें। • यदि निक्षेपागार या बैंक के पास दोनों विवरण दर्ज नहीं हैं तो कृपया अनुदेश (v) में दिए अनुसार सदस्य आईडी/ फोलियो नंबर लाभांश बैंक विवरण फील्ड में दर्ज करें।

(ix) ये विवरण ठीक से दर्ज करने के बाद 'सब्मिट' टैब पर क्लिक करें।

(x) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य तब सीधे कंपनी चयन स्क्रीन देख पाएंगे। तथापि, डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अब 'पासवर्ड सृजन' मेनु पर आएंगे जहां उन्हें अनिवार्यत: अपना लॉगइन पासवर्ड नए पासवर्ड फील्ड में दर्ज करना होगा। कृपया नोट करें कि यदि डीमैट धारक किसी अन्य कंपनी के संकल्पों पर मतदान देने के पात्र हैं तो वे इसी पासवर्ड का उपयोग करेंगे बशर्ते कि वह कंपनी सीडीएसएल प्लैटफार्म द्वारा मतदान देने का चयन करता है। यह सिफारिश की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं और अपना पासवर्ड गोपनीय रखें।

(xi) भौतिक रुप में शेयर रखने वाले सदस्यों द्वारा इस नोटिस में समाविष्ट संकल्पों पर रिमोट ई-वोटिंग हेतु इन विवरणों का उपयोग किया जा सकता है।

(xii) ईवीएसएन पर मतदान के लिए संबंधित <Andhra Bank> के चयन हेतु क्लिक करें।

(xiii) वोटिंग पृष्ठ पर आप 'संकल्प विवरण' देखेंगे और इसपर मतदान हेतु 'हॉ/नहीं' विकलप देखेंगे । अपनी इच्छा अनुसार हां या नहीं विकल्प का चयन करें। विकल्प हां का अर्थ है कि आप संकल्प हेतु अपनी सहमति दे रहे हैं और विकल्प नहीं का अर्थ है कि आप संकल्प से असहमत हैं।

(xiv) यदि आप संपूर्ण संकल्प विवरण देखना चाहते हैं तो 'संकल्प फाईल लिंक' पर क्लिक करें।

(xv) मतदान हेतु संकल्प का चयन करने के बाद 'सब्मिट' पर क्लिक करें। पुष्टिकरण बक्स प्रदर्शत होगा। यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो 'ओके' पर क्लिक करें अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए 'कैनसल' पर क्लिक करें और अपने वोट को तदनुसार बदलें।

(xvi) 'पुष्टि' के बाद आप वोट में परिवर्तन नहीं कर पाएंगे।


(xvii) आप अपने द्वारा किए गए वोटिंग का प्रिंट भी ले सकते हैं। इसके लिए आपको मतदान पृष्ठ पर 'क्लिक हियर टू प्रिंट' विकल्प पर क्लिक करना होगा।

(xviii) यदि डीमैट खाता धारक अपना पासवर्ड भूल गए हैं तो वे यूज़र आईडी और इमेज सत्यापन कोड दर्ज कर फर्गाट पासवर्ड पर क्लिक करें और सिस्टम द्वारा पूछे गए विवरण दर्ज करें।

(xix) शेयरधारक एनड्रोयड आधारित मोबाइलों के लिए उपलब्ध सीडीएसएल मोबाइल एप्प का प्रयोग करते हुए अपना वोट दे सकते हैं । एम-वोटिंग एप्प गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है । आईफोन और विंडोस फोन प्रयोक्ता क्रमश: एप्प स्टोर और विंडोज फोन स्टोर से 30 जून 2016 या उसके बाद एप्प डाउन लोड कर सकते हैं । कृपया मोबाइल से वोट करते समय मोबाइल एप्प द्वारा दिए गए अनुदेशों का पालन करें ।

(xx) गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों (संस्थागत निवेशक) और अभिरक्षक के लिए नोट

- गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों (याने व्यक्तियों एचयुएफ, एनआरआई आदि को छोडकर और अभिरक्षकों को www.evotingindia.com पर लॉगइन कर स्वयं को कार्पोरेट के रूप में पंजीकृत करना होगा।



- पंजीकरण फार्म की स्कैन प्रति जिस पर संस्था की मोहर और हस्ताक्षर हों, helpdesk.evoting@cdslindia.com को ईमेल की जाए।
- लॉगइन विवरण प्राप्त होने के बाद एडमिन लॉगइन और पासवर्ड के साथ अनुपालन यूज़र का सृजन किया जाए। अनुपालन यूज़र मतदान देने हेतु अपनी इच्छानुसार खाते लिंक कर पाएंगे।
- लॉगइन में लिंकड खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com को ईमेल की जाए और खातों के अनुमोदन के बाद वे अपना वोट दे पाएंगे।
- जांचकर्ता द्वारा सत्यापन हेतु अभिरक्षक के पक्ष में जारी बोर्ड संकल्प और मुख्यतारनामा (पीओए), यदि हो तो, की स्कैन की गई प्रति, पीडीएफ फार्मेट में अपलोड की जाए ।

(xxi) यदि आपको ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप www.evotingindia.com में सहायता खंड के अंतर्गत उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और ई-वोटिंग नियमावली का संदर्भ ले सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ईमेल भेज सकते हैं। (सीडीएसएल हेल्पलाइन नम्बर 1800 200 5533)

सामान्य सूचना:

क) रिमोट ई-वोटिंग अवधि रविवार 17 जुलाई 2016 को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी और मंगलवार, 19 जुलाई 2016 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, अंतिम तिथि (विनिर्दिष्ट तिथि) (मतदान के लिए) बुधवार, 13 जुलाई 2016 को बैंक के शेयरधारक, जिनके पास भौतिक रूप में या अमूर्त रूप में शेयर हैं, इलेक्ट्रानिक रूप से अपना वोट दे सकते हैं। इसके बाद रिमोट ई-वोटिंग एजेंसी द्वारा वोटिंग हेतु रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल डिसेबल कर दिया जाएगा । शेयरधारक द्वारा संकल्प पर वोट दिए जाने के बाद, शेयरधारक द्वारा इसे बदला नहीं जा सकता।

ख) आपको सलाह दी जाती है कि रिमोट ई-वोटिंग या साधारण बैठक में मतदान द्वारा अपना वोट दें। शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी साधारण बैठक में भाग ले सकता है लेकिन उन्हें बैठक में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

ग) कंपनी नियम, 2014 (प्रबंधन एवं प्रशासन) के नियम 20 के बदले में प्रतिस्थापित कंपनी संशोधन नियम, 2015 (प्रबंन्धन एवं प्रशासन के अनुपालन में इलेक्ट्रानिक माध्यम या मतदान प्रक्रिया के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा वोट देने की पात्रता निर्धारित करने हेतु अंतिम तिथि (विनिर्दिष्ट तिथि) वह तिथि है जो, साधारण बैठक की तिथि से सात दिन से पूर्व की न हो याने बुधवार, 13 जुलाई 2016 । शेयरधारक जो उक्त तिथि को हिताधिकारी स्वामी हैं, रिमोट ई-वोटिंग में भाग लेने हेतु पात्र होंगे। अन्य शब्दों में, बुधवार, 13 जुलाई 2016 को शेयर रखने वाले शेयरधारक ही इलेक्ट्रानिक रूप से वोट देने हेतु रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल एक्सेस कर पाएंगे और/ वार्षिक साधारण बैठक में भौतिक मतदान में भाग ले पाएंगे।

15. **मतदान प्रक्रिया**

सभी कार्यसूची मदों पर चर्चा के बाद प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सभी मदों पर मतदान का आदेश देगें । मतदान इस प्रयोजन हेतु नियुक्त जाँचकर्ताओं द्वारा आयोजित एवं परिवीक्षित होगा । मतदान की समाप्ति पर प्रबंध निदेशक एवं सीईओ बैठक को समाप्त घोषित करेंगे । मतदान के

आंध्रा बैंक ANDHRA BANK M.B. Division H.O.

परिणाम, रिमोट ई-वोटिंग के परिणामों के साथ मिलाकर बैंक द्वारा अपनी वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा तथा स्टॉक एक्सचेजों को भी सूचित किया जाएगा ।

मतदान पर्ची का वितरण इस संबंध में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा साधारण बैठक स्थान में इस संबंध में घोषणा के तुरंत बाद प्रारंभ होगा । प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा साधारण बैठक में मतदान हेतु संकल्पों पर चर्चा की समाप्ति पर, साधारण बैठक में उपस्थित सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग कर अपना वोट नहीं दिया है, द्वारा मतदान पर्ची का उपयोग करते हुए जांचकर्ता की सहायता से मतदान हेतु अनुमति देंगे ।

मतदान पर्ची जारी करने के प्रयोजनार्थ स्थापित काउण्टरों पर शेयरधारकों/ प्रोक्सी धारकों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा पंजीकरण के समय जारी बैलेट पेपर पास जमा करने पर मतदान पर्ची जारी की जाएगी । वोटों की संख्या अंतिम तिथि (विनिर्दिष्ट तिथि) याने बुधवार, जुलाई 13, 2016) को उनके द्वारा धारित शेयरों के समान होगी।

शेयरधारक मतदान पर्ची की कार्यसूची मदों के आगे अपना अनुमोदन दर्शाते हुए अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं और उसे साधारण बैठक स्थान में रखे गए मतदान पेटी (पेटियों) में जमा कर सकते हैं।

इसके बाद वोटों की गिनती की जाएगी ।

रिमोट ई-वोटिंग और मतदान के समेकित परिणाम को बैंक की वैबसाईट और रिमोट ई-वोटिंग एजेंसी की वैबसाईट में पोस्ट किया जाएगा और स्टॉक एक्सचैंज को सूचित किया जाएगा ।

16. **<u>अप्रदत्त/अदावाकृत/नहीं भुनाए गए लाभांश, यदि हों</u>**


जिन शेयरधारकों को वर्ष 2006-07 व 2007-08 हेतु लाभांश प्राप्त नहीं हुआ है अथवा दावा नहीं किया है (अंतरिम तथा अंतिम), उनसे अनुरोध है कि वे बैंक अथवा रजिस्ट्रार एवं बैंक के शेयर अंतरण एजेंट, एमसीएस शेयर अंतरण एजेंट लि, मुम्बई से सम्पर्क करें ।

बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) तथा वित्तीय संस्थाएं कानून (संशोधन) अधिनियम, 2006 (जो 16.10.2006 से प्रभावी हुआ) के अनुरूप, सात वर्ष की अवधि तक अप्रदत्त, अदावाकृत अथवा नहीं भुनाए गए लाभांश की राशि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) को अंतरित की जाए तथा तत्पश्चात बैंक अथवा आईईपीएफ को भुगतान हेतु कोई दावा वर्तमान सांविधिक प्रावधानों के अनुसार नहीं किया जा सकेगा ।

बैंक में वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 हेतु अप्रदत्त/अदावाकृत लाभांश (अंतरिम तथा अंतिम) भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 30.06.2016 को आईईपीएफ को अंतरित कर दिया जाएगा ।

<u>नोट:</u>

बैंक को अत्यंत प्रसन्नता होगी यदि शेयरधारक वार्षिक साधारण बैठक की कार्यसूची मदों के संबंध में, कोई सुझाव देना चाहते हैं, स्पष्टीकरण मांगना चाहते हैं आदि अपने सुझाव, प्रश्न आदि बैठक की तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय के निवेशक सेवा अनुभाग को भेजें।



सूचना की मद सं.3 में उल्लिखित व्यापार के संबंध में विवरणात्मक विवरणी

अर्हताप्राप्त संस्थागत प्लेसमेंट, फॉलो-ऑन पब्लिक आफर द्वारा पूंजी जुटाना आदि

अर्हता प्राप्त संस्थागत प्लेसमेंट द्वारा अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं को, फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर आदि के माध्यम से पूंजी जुटाना जिससे बैंक की प्रदत्त ईक्विटी पूंजी में केंद्र सरकार का स्टेक भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित ऐसे प्रतिशत से कम न हो।

क. बैंक की वर्तमान प्रदत्त पूंजी रु.681.16 करोड़ है और दि.31.03.2016 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 11.58% है जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट 9% से कहीं अधिक है। तथापि, बैंक की विकास योजनाओं, बेसल -III मानकों का कार्यान्वयन और परिणामी पूंजी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, पूंजी को और अधिक बढाते हुए पूंजी पर्याप्तता अनुपात को सुदृढ बनाने की आवश्यकता है।

ख. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 3(2बी)(सी) के अनुसार बैंक भारत सरकार, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक से बैंक की प्रदत्त पूंजी बढाने हेतु आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करेगा।

ग. सेबी विनियम, 2015 (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) के विनियम 41 के उप-खण्ड (4) के अनुसार जब कभी बैंक द्वारा कोई नया निर्गम या ऑफर किया जा रहा हो तो, वर्तमान शेयरधारकों को आनुपातिक आधार पर वही शेयर दिए जाने चाहिए जब तक कि साधारण बैठक में शेयरधारक इसके विपरीत निर्णय न लें। उक्त संकल्प, यदि पारित हो, बैंक की ओर से बोर्ड को वर्तमान शेयरधारकों को आनुपातिक आधार पर देने के स्थान पर प्रतिभूतियों के सृजन, ऑफर और आबंटन की अनुमति प्राप्त होगी।

घ. संकल्प के माध्यम से बैंक क्यूआईपी, फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर राइटसृ इश्यू आदि के माध्यम से ईक्विटी शेयर/ अधिमानी शेयर/ प्रतिभूति के सृजन, ऑफर और आबंटन कर पाएगा। निर्गम प्राप्तियों से बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट किए अनुसार अपनी पूंजी पर्याप्तता अपेक्षाओं को सुदृढ कर पाएगा।

ङ. संकल्प में आईसीडीआर विनियमों में परिभाषित अनुसार अर्हताप्राप्त संस्थागत खरीददारों के साथ अर्हताप्राप्त संस्थागत प्लेस्मेंट द्वारा शेयर जारी करने के लिए निदेशक मंडल को सशक्त करने की माँग है । निदेशक मंडल अपने विवेकानुसार आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के अंतर्गत निर्धारित इस पद्धति को बैंक द्वारा शेयरधारकों से नया अनुमोदन प्राप्त किए बिना निधि जुटाने के लिए अपना सकता है ।

आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के अनुसार क्यूआईपी निर्गम के मामले में, क्यूआईपी आधार पर प्रतिभूति "संबद्ध तिथि" के पूर्व के दो सप्ताहों के दौरान स्टॉक एक्सचेज में ईक्विटी शेयरों के सप्ताह के उच्चतम एवं न्यूनतम संवरण मूल्य के औसत से कम मूल्य में जारी नहीं किया जा सकता है । "संबद्ध तिथि" का अर्थ है उस बैठक की तिथि जिसमें बैंक के बोर्ड या समिति द्वारा क्यूआईपी निर्गम जारी करने का निर्णय लिया गया ।

च. बैंक की 15 वीं वार्षिक आम बैठक में क्यूआईबी के साथ क्यूआईपी सहित विभिन्न विकल्पों के अंतर्गत पूंजी जुटाने हेतु अनुमोदन प्राप्त किया गया था। दिशा-निर्देशों के अनुसार संकल्पों की वैधता ऐसे क्यूआईपी के लिए बारह माह तक सीमित है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए (उपर्युक्त मद (क) में बताए अनुसार), पुन: शेयरधारकों की अनुमति मांगी जा रही है।



छ. चूंकि ऑफर का मूल्य-निर्धारण केवल बाद में ही किया जा सकता है, शेयरों / प्रतिभूतियों के निर्गम का मूल्य बता पाना संभव नहीं है। तथापि, यह आईसीडीआर विनियम, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 और समय समय पर यथा आशोधित आन्ध्रा बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 2003 या कोई अन्य दिशा-निर्देश/ विनियम / सहमति आदि, जो लागू /अपेक्षित हों, के प्रावधानों के अनुरूप होगा।

ज. ईक्विटी शेयरों के निर्गम के विस्तृत नियम और शर्तें, जब और जैसे बनाए जाएंगे, मर्चंट बैंकर, अग्रणी प्रबंधक, सलाहकार और बैंक द्वारा अपेक्षित माने गए ऐसे अन्य प्राधिकारियों के परामर्श से वर्तमान बाजार परिस्थिति और अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएंगे। संकल्प द्वारा बोर्ड को एक या अधिक भागों में ऐसे समय या समयों पर, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर और ऐसे निवेशकों को, जिनका उल्लेख उसमें किया गया है, जैसा कि बोर्ड अपने पूर्ण विवेकानुसार उचित मानता है, शक्तियां प्राप्त होंगी।

झ. चूंकि ऑफर का मूल्य-निर्धारण केवल बाद में ही किया जा सकता है, शेयरों / प्रतिभूतियों के निर्गम का मूल्य बता पाना संभव नहीं है। तथापि, यह आईसीडीआर विनियम, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 और समय समय पर यथा आशोधित आन्ध्रा बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 2003 या कोई अन्य दिशा-निर्देश/ विनियम / सहमति आदि, जो लागू /अपेक्षित हों, के प्रावधानों के अनुरूप होगा।

ञ. उपर्युक्त कारणों से, ऐसे संकल्प का प्रस्ताव है जिससे बोर्ड को निर्गम की शर्तों को अंतिम रूप देने हेतु पर्याप्त स्वेच्छा और विवेकाधिकार प्राप्त हो सके।

ट. ऐसे जारी किए गए ईक्विटी शेयर, सभी प्रकार से लाभांश सहित बैंक के वर्तमान ईक्विटी शेयरों के समरूप होंगे।

ठ. इस प्रयोजन के लिए बैंक को विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारकों की सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता है। अत: उपर्युक्त प्रस्ताव के लिए आपकी सहमति मांगी गई है।

आपके निदेशक सूचना में बताए अनुसार संकल्पों की सिफारिश करते हैं।

बैंक के किसी भी निदेशक को उपर्युक्त संकल्प(पों) में, बैंक में अपनी शेयरधारिता की सीमा और पूंजी जुटाने में उनकी प्रतिभागिता, यदि हो, के आगे कोई हित या संबंध नहीं है।

वाई. अमरनाथ
कंपनी सचिव

स्थान: हैदराबाद
स्थान : 07.05.2016

ANDHRA BANK M.B. Division H.O. Hyd.